दैनिक विश्वमित्र
KOLKATA, WEDNESDAY | 13 JANUARY 2021

डिजिटल इज द फ्यूचर

कोलकाता, 12 जनवरी (नि.प्र.)। डिजीटल इज द फ्यूचर। आने वाले समय में डिजिटिलाइजेशन की रफ्तार और भी तेज हो गई है। हर क्षेत्र में डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए काम शुरू हो गया है और आने वाले समय में यह सिलसिला और भी तेज होगा। जब यह कहा जा रहा है कि डिजिटल ही फ्यूचर है तो फिर साफ्टवेयर के बिना यह संभव नहीं है। कहने का आशय यह है कि डिजिटिलाइजेशन के मौजूदा दौर में तरह-तरह के साफ्टवेयर की मांग बढ़ेगी, बढ़ना शुरू हो गई है। इसलिए साफ्टवेयर इंडस्ट्री का भविष्य काफी उज्ज्वल है। तरह-तरह के नए-नए साफ्टवेयर विकसित करने के लिए कंपनियों में प्रतिस्पर्धा भी बढ़ेगी। उन्हीं कंपनियों के साफ्टवेयर प्रोडक्ट प्रतिस्पर्धामूलक बाजार में टिक पाएंगे, जो अपने प्रोडक्ट का लगातार नवीनीकरण करती रहेंगी। ऐसा नहीं है कि कोई एक साफ्टवेयर प्रोडक्ट डेवलप किया और बाजार में पेश कर दिया तो हमेशा वही प्रोडक्ट चलता रहेगा। बाजार की जरूरत को परखना होगा, समझना होगा साथ ही ग्राहकों की पसंद पर भी गौर करना होगा और उसके मुताबिक साफ्टवेयर प्रोडक्ट में बदलाव लाने होंगे। बदलाव का सिलसिला बिना किसी रोक-टोक के चलता रहेगा। इनोवेशन और अपग्रेडेशन कभी थमने वाली चीज नहीं है। लगातार नए-नए प्रोडक्ट लाने होंगे और जो पहले से मौजूद हैं, उनमें लगातार परिवर्तन करते रहना होगा। साफ्टवेयर की बाजार में अभी भी मांग है और आने वाले समय में यह मांग बढ़ती ही जाएगी, लेकिन एक बात अच्छी तरह से समझनी होगी कि 'जैसे-तैसे' साफ्टवेयर प्रोडक्ट हमेशा बाजार में नहीं टिके रह सकेंगे। इसके लिए लगातार नजर रखनी होगी और बदलाव जारी रखना होगा। यह कथन है **पीडीएस इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड** के निदेशक **श्री रंजन गोयनका** का, जो **'दैनिक विश्वमित्र'** के साथ एक खास बातचीत में साफ्टवेयर इंडस्ट्री का हाल बता रहे थे।

श्री गोयनका कहते हैं कि कोरोना संक्रमण की वजह से दुनियाभर में चले लॉकडाउन के दौरान साफ्टवेयर प्रोडक्ट के माध्यम से बड़े-बड़े काम संभव हुए हैं। प्रौद्योगिकी ने उद्योग-व्यापार करने के तौर-तरीके पूरी तरह से बदल दिए हैं। काम करना काफी आसान हो गया है। बड़े-बड़े काम कम समय में पूरे हो जा रहे हैं। खासकर टैक्सेशन के क्षेत्र में

रंजन गोयनका

साफ्टवेयर प्रोडक्ट का महत्व बढ़ा है और प्रासंगिकता भी काफी बढ़ गई है। उल्लेखनीय है कि लगभग पिछले 12 साल से श्री गोयनका की कपनी पीडीएस इंफोटेक साफ्टवेयर प्रोडक्ट डेवलप कर रही है और ग्राहकों के लिए 'रेडी टू यूज' प्रोडक्ट पेश कर रही है। टैक्सेशन के क्षेत्र में खासकर टीडीएस रिटर्न फाइल करने के लिए आपके साफ्टवेयर प्रोडक्ट का कोई जवाब नहीं है। देश के कोने-कोने में आपका साफ्टवेयर प्रोडक्ट 'टीडीएस मैन' काफी लोकप्रिय है। आपकी कंपनी लगातार उत्पादों का विविधिकरण कर रही है। कंपनी की ओर से बाजार की जरूरतों पर बारीक नजर रखी जाती है। सर्वे कराया जाता है और उसके मुताबिक प्रोडक्ट में बदलाव किए जाते हैं, कई फीचर जोड़े जाते हैं। हाल ही में आपकी कंपनी का एक नया प्रोडक्ट 'टीडीएस मैन ऑनलाइन' जारी हुआ है, जो बड़ी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इस प्रोडक्ट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि देश में 50 शाखाएं हैं तो वह इस प्रोडक्ट के जरिए एक ही जगह से टीडीएस रिटर्न फाइल करने का काम बड़ी ही आसानी के साथ कर सकता है। कोलकाता नगर निगम हो या मुंबई नगर निगम, भारतीय रेल हो या शिप बिल्डर्स क्षेत्र की कंपनियां हो, हर जगह 'टीडीएस मैन ऑनलाइन' तथा 'टीडीएस मैन' का इस्तेमाल हो रहा है। देशभर के ज्यादातर विद्युत बोर्डों में तथा बैंकों और टैक्स प्रोफेशनल्स के बीच भी यह प्रोडक्ट खूब इस्तेमाल किया जाता है।